आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 11.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मॉरिशस पहुंचे, मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।
- चारधाम यात्रा में इस वर्ष सार्वजनिक वाहनों के चालकों को ग्रीन कार्ड बनवाना अनिवार्य होगा।
- केदारनाथ आपदा में ध्वस्त हुए रामबाड़ा–गरुड़चट्टी मार्ग को पुनर्जीवित करने का कार्य तेजी से जारी।
- उत्तर रेलवे होली के दौरान 400 से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा।

प्रधानमंत्री मॉरिशस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मॉरिशस पहुंचे, जहां हवाई अड्डे पर मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए वे मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक घनिष्ठ मित्र से मिलने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने का एक शानदार अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे आज राष्ट्रपति धर्म गोखूल और प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात करेंगे और एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। श्री मोदी मॉरिशस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान क्षमता निर्माण से लेकर समुदाय से जुड़े बुनियादी ढांचे तक भारत द्वारा वित्तपोषित 20 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कल मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेंगे।

ग्रीन कार्ड

चारधाम यात्रा में इस वर्ष सार्वजनिक वाहनों के चालकों को ग्रीन कार्ड बनवाना अनिवार्य होगा। इसके मद्देनजर सरकार ने इस बार ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को और भी आसान बना दिया है। देहरादून के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए एक महीने पहले से ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे। राज्य अथवा बाहरी प्रदेशों से आने वाले सार्वजनिक वाहनों के लिये ग्रीन कार्ड अनिवार्य किया गया है।

बैठक

रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ऊखीमठ विकासखंड में आगामी केदारनाथ यात्रा की सुरक्षा और व्यवस्था के संबंध में बैठक की। इस दौरान अधिकारियों, होटल संचालकों और व्यापारी संगठनों के साथ यात्रा व्यवस्थाओं की तैयारियों पर चर्चा हुई। श्री बहुगुणा ने यात्रा मार्ग पर सभी जरूरी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, ताकि श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई न हो।

केदारनाथ यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि लाखों श्रद्धालु हर साल दर्शन के लिए यहां आते हैं। इसलिए यात्रा प्रबंधन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, संचार और सफाई जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं उच्च स्तर पर होनी चाहिए।

श्री बहुगुणा ने पशुपालन विभाग को घोड़ों और खच्चरों के स्वास्थ्य की नियमित जांच के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी बीमारी के लक्षण पाए जाने पर तुरंत इलाज किया जाए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर स्थानीय उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल लगाने की बात भी कही, ताकि स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी रहे।

समीक्षा

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र की पेयजल योजनाओं को लेकर देहरादून में पेयजल और वन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की महत्वपूर्ण पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. रावत ने कण्डारस्यूं पेयजल योजना, विडोलस्यूं पम्पिंग पेयजल योजना और भीड़ा–गंगाऊं पेयजल योजना के साथ ही नगर निगम श्रीनगर, नगर पंचायत थलीसैण और एनआईटी श्रीनगर की पेयजल योजनाओं के त्वरित निष्पादन करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वनभूमि से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

निर्माण कार्य

केदारनाथ आपदा में ध्वस्त हुए रामबाड़ा–गरुड़चट्टी मार्ग को पुनर्जीवित करने का कार्य तेजी से जारी है। पांच दशमलव तीन–पांच किलोमीटर लंबे इस ऐतिहासिक मार्ग को इस वर्ष के मध्य तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इस रास्ते के पुनर्निर्माण से गरुड़चट्टी में भी रौनक लौटने की उम्मीद है, जो 2013 की आपदा के बाद वीरान पड़ा था। बीते वर्ष जून में शुरू हुए इस कार्य में 200 मजदूर लगे थे, और वर्तमान में 90 मजदूर, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, पहाड़ी को काटकर रास्ता बनाने में जुटे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अगले तीन माह में कटान कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद पत्थर बिछाने और पैराफिट निर्माण का काम किया जाएगा। इस मार्ग के बनने से केदारनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिलेगी और गरुड़चट्टी का प्राचीन हनुमान मंदिर व गरुड़ जी का मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए सुगमता से उपलब्ध होगा।

2013 की केदारनाथ आपदा में रामबाड़ा से केदारनाथ तक करीब आठ किमी मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो गया था, जिससे गरुड़चट्टी का संपर्क कट गया था। 2014 में मंदाकिनी नदी के दूसरी ओर 9 किलोमीटर नया मार्ग बनाया गया, जो बीते एक दशक से यात्रा के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि रामबाड़ा–गरुड़चट्टी मार्ग को पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और आगामी यात्राकाल तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

विशेष रेलगाड़ी

उत्तर रेलवे होली के त्यौहार से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए 400 से अधिक विशेष रेलगाडियां संचालित कर रहा है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली, आनंद विहार और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिनी कंट्रोल रूम और प्रतीक्षालय बनाए गए हैं।

खाद्य पदार्थ गुणवत्ता

होली पर्व को देखते हुए पौड़ी जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बस स्टेशन, धारा रोड और एजेंसी चौक स्थित दुकानों पर छापेमारी कर मावा, चॉकलेट, मिठाई, नमकपारा और गुजिया समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रचना लाल ने बताया कि सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। टीम ने दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने और केवल गुणवत्तापूर्ण सामग्री बेचने के निर्देश दिए।

लोकायुक्त

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश के लोकायुक्त नियुक्त नहीं करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मुख्य सचिव ने पूर्व के आदेश के अनुपालन में शपथपत्र पेश कर कहा कि न्यायालय के आदेश के अनुक्रम में लोकायुक्त की नियुक्ति करने के लिए राज्य सरकार ने कमेटी गठित कर दी है, जिसकी एक बैठक गत 22 फरवरी को हो चुकी है। राज्य सरकार लोकायुक्त नियुक्त करने के लिए लोकायुक्त एक्ट के प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन कर रही है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। न्यायालय ने सरकार को अगली तिथि तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है।

मानसखंड विज्ञान केंद्र

अल्मोड़ा में मानसखंड विज्ञान केंद्र, स्यालीधार का पहला स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए उद्यमिता विकास व बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला भी आयोजित की गई। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ दुर्गेश पंत और सलाहकार जी.एस रौतेला ने वर्चुअली विज्ञान केंद्र की प्रगति की जानकारी दी। मानस खंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने एक वर्ष में केंद्र की प्रगति व कार्यों और भावी

योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्र परिसर में नवनिर्मित विज्ञान उद्यान पार्क का शुभारंभ भी किया किया।